आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 04.11.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :

– केंद्र सरकार ने देश की स्वदेशी कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षमताओं को मजबूत करने के लिए तीन नए स्वदेशी एआई फाउंडेशन मॉडल जारी किए।

– चम्पावत जिले के बनबसा में 23 नवंबर से कुमाऊं मंडल के युवाओं के लिए अग्निवीर सेना भर्ती रैली आयोजित की जाएगी।

– रेलवे, नैनीताल के लालकुआं से गुजरात के उत्राण के लिए 6 और 13 नवंबर को विशेष त्योहार रेलगाड़ी चलाएगा।

– केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 6 नवंबर को देहरादून में आयोजित उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे।

– और... चमोली जिले के गौचर में 74वां राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेला 14 नवंबर से शुरू होगा।

स्वदेशी एआई

केंद्र सरकार ने स्वदेशी एआई क्षमताओं को मजबूत करने के लिए इंडिया एआई मिशन के अंतर्गत तीन नए फाउंडेशनल मॉडल एका–वन और 'धीर टू–बी' तथा 'धीर फाइव–बी जारी किए है। एका–वन को सोकेट लैब्स और धीर मॉडल को जेनटेक ने विकसित किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि इनका साइबर सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में इस्तेमाल किया जा सकता है। श्री कृष्णन ने कहा कि ये मॉडल एयर–गैप्ड वातावरण में भी इस्तेमाल किए जा सकते हैं। श्री कृष्णन ने कहा कि ऐसे मॉडल तैयार करने में देश की रणनीतिक आत्मनिर्भरता और बढेगी।

अग्निवीर सेना भर्ती रैली

चम्पावत जिले के बनबसा में 23 से 29 नवंबर तक आयोजित होने वाली अग्निवीर सेना भर्ती रैली में कुल 4 हजार 492 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। भर्ती की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस के कर्नल अमोल ने बताया कि 23 से 27 नवंबर तक विभिन्न तहसीलों के अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया आयोजित होगी। इसमें 23 से 25 नवंबर तक पिथौरागढ़ जिले के अभ्यर्थी, जबकि 26 और 27 नवंबर को चम्पावत तथा पिथौरागढ़ जिलों के अभ्यर्थी निर्धारित श्रेणियों के अनुसार प्रतिभाग करेंगे।

उन्होंने बताया कि 28 और 29 नवंबर को अभ्यर्थियों के चिकित्सा परीक्षण और दस्तावेजों की जांच के लिए आरक्षित रखा गया है।

विशेष रेलगाड़ी

नैनीताल जिले के लालकुआं से गुजरात के उत्राण के लिए रेलवे 6 और 13 नवंबर को त्योहार विशेष रेलगाड़ी का संचालन करेगा। वहीं, वापसी में यह रेलगाड़ी 5 और 12 नवंबर को उत्राण से लालकुआं के लिए रवाना होगी।

रेलवे के अनुसार, लालकुआं–उत्राण विशेष रेलगाड़ी प्रत्येक शुक्रवार को रात 10 बजे लालकुआं से प्रस्थान कर अगले दिन रात 10 बजकर 15 मिनट पर उत्राण पहुंचेगी। जबकि वापसी में यह प्रत्येक बृहस्पतिवार को अपराह्न 3 बजे उत्राण से चलकर अगले दिन शाम 4 बजकर 10 मिनट पर लालकुआं पहुंचेगी।

दो फेरों के लिए संचालित इस रेलगाड़ी में शयनयान श्रेणी के 12, सामान्य श्रेणी के चार और वातानुकूलित श्रेणी के चार कोच सहित कुल 22 कोच लगाए जाएंगे।

राज्य स्थापना दिवस समारोह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगामी 6 नवंबर को देहरादून में उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में शामिल होंगे।

समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने महिलाओं, किसानों, पूर्व सैनिकों, राज्य आंदोलनकारियों और श्रमिकों सहित समाज के सभी वर्गों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने गृह मंत्री के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा, यातायात और प्रोटोकॉल की व्यवस्थाएं समय से पूरी करने को कहा। साथ ही मुख्य पंडाल, बैठक व्यवस्था, ध्वनि प्रणाली, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

गौचर मेला

चमोली जिले के गौचर में 74वां राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेला आगामी 14 से 20 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। मेले को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में गोपेश्वर में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मेले को स्थानीय उद्यमिता, हस्तशिल्प और लोकसंस्कृति को बढ़ावा देने के साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का मंच बनाया जाएगा।

कर्णप्रयाग के उपजिलाधिकारी अलकेश नौडियाल ने बताया कि इस वर्ष मेले का नया लोगो और शुभंकर तैयार किया गया है। मेले के लिए नई वेबसाइट भी तैयार की गई है और कार्यक्रमों का सोशल मीडिया पर सीधा प्रसारण किया जाएगा।

वनाग्नि

उत्तरकाशी में वनों के संरक्षण, संवर्धन और वनाग्नि की रोकथाम के लिए वन पंचायतों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में वन चेतना केंद्र, कोटबंगला में मुख्य वन संरक्षक सुशांत पटनायक की अध्यक्षता में वन पंचायत सरपंचों की कार्यशाला आयोजित की गई।

श्री पटनायक ने बताया कि कार्यशाला में विभिन्न वन पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपने सुझाव रखे। इस दौरान वन पंचायतों के अधिकारों, दायित्वों और वन प्रबंधन में उनकी भूमिका पर चर्चा की गई। साथ ही चीड़ के जंगलों में वनाग्नि का प्रमुख कारण बनने वाले पिरूल के संग्रहण, उपयोग और परिवहन की व्यवस्था पर भी विचार–विमर्श हुआ।

माटीकला

हरिद्वार में पारंपरिक माटीकला को संरक्षण देने और स्थानीय कारीगरों को रोजगार से जोड़ने के लिए माटीकला बोर्ड रुड़की की ओर से पहल की जा रही है। इसके तहत रुड़की में लिथोप्रेस के समीप महिलाओं और पुरुषों को मिट्टी के दीये और आकर्षक मूर्तियां बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

ग्राम्य विकास विभाग के माध्यम से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और रीप परियोजना के सहयोग से इस पहल को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसका उद्देश्य पारंपरिक कला को संरक्षित करने के साथ ग्रामीण महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना है।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने बताया कि मिट्टी के दीये और मूर्तियों को आकर्षक स्वरूप देने के साथ उनकी पैकेजिंग पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि स्थानीय उत्पादों को बाजार में बेहतर पहचान मिल सके।